प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं.: (0755) 2578801-02 फैक्स नं.: 0755-2550498 वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम
ऑनलाईन परीक्षा – प्रथम चरण

मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के अंतर्गत प्रहरी (कार्यपालिक) (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	11 से 24 दिसम्बर, 2020
ऑनलाईन परीक्षा परिणाम तिथि (प्रथम चरण)	10 अप्रेल, 2021

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के अंतर्गत प्रहरी (कार्यपालिक) (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020 (प्रथम चरण) का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के अंतर्गत प्रहरी (कार्यपालिक) (सीधी भर्ती) के रिक्त पदों हेतु भर्ती परीक्षा–2020 (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन दिनांक 11 से 24 दिसम्बर, 2020 को मध्यप्रदेश के 09 शहरों में किया गया था। इसके परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. जेल विभाग द्वारा अंतिम रूप से उपलब्ध कराए गए जेल प्रहरी के कुल 282 रिक्त पदों हेतु पी.ई.बी. द्वारा ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन किया गया था।
2. इस परीक्षा के लिए **305988** आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनमें से **179233** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।
3. परीक्षा उपरांत बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों की उत्तरपुस्तिकायें वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से प्रश्न–उत्तरों के संबंध में अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर कुंजी समिति के अभिमत अनुसार अंतिम उत्तर कुंजी एवं नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।
4. नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर श्रेणीवार व संवर्गवार प्रथम चरण का परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। जिस श्रेणी/संवर्ग के पर्याप्त संख्या में अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार संबंधित श्रेणी के ओपन में परवर्तित कर अभ्यर्थियों को पात्र किया गया है।
5. नियमपुस्तिका अनुसार रिक्त पदों के 10 गुना अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण के लिए पात्र घोषित किया गया है। इसमें अंतिम पात्र अभ्यर्थी के समान प्राप्तांक वाले समस्त अभ्यर्थियों को भी सम्मिलित किया गया है।
6. विभाग के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण सम्पन्न होने के पश्चात् अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण पी.ई.बी. की वेबसाइट पर प्रदर्शित/उपलब्ध कराया जायेगा।
7. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि व मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी से संबंधित जानकारियों के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम द्वितीय चरण की कार्यवाही के लिए तैयार किया गया है। जेल विभाग द्वारा द्वितीय चरण की कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी, जिसके कार्यक्रम की जानकारी संबंधित विभाग द्वारा पृथक से उपलब्ध कराई जायेगी।
8. पी.ई.बी. द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः द्वितीय चरण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों इत्यादि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय द्वारा किया जायेगा।
9. प्रथम चरण के परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है, जहॉ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल,

दिनांक : 10/04/2021

10/4/21

10/4/21

प्रभारी नियंत्रक
प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल

10/04/21

10/4/21